# कृषि एवं संबद्ध डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रेल से

**बीकानेर @ पत्रिका.** राज्य के कृषि तथा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों और निजी महाविद्यालयों में (राजस्थान सरकार की ओर से केवल कृषि के लिए अनुमति प्राप्त) प्रस्तावित विभिन्न कृषि एवं संबद्ध डिग्री पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रेल से होंगे। जेट समन्वयक डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि जेट, प्री पीजी, पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2025 के तहत प्रवेश परीक्षा 29 जून को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रेल से 28 मई तक तथा विलंब शुल्क के साथ 31 मई तक आधिकारिक वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि इसके नाम से एक नकली वेबसाइट चलाई जा रही है। विद्यार्थी इस नकली वेबसाइट के चंगुल में फंसने से बचें।